कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.11.2024

विषयः- कुल 3600 ग्राम अवैध गांजा व गांजा बिक्री से प्राप्त कुल 300/- रु0 नगद के साथ अभियुक्तगण 1- सोनू बिन्द व 2- अभिषेक भारद्वाज थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 01. सोनू बिन्द पुत्र प्रकाश बिन्द निवासी-20/39 पैगम्बरपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी व 02. अभिषेक भारद्वाज पुत्र खिचडू भारद्वाज निवासी 20/91 पैगम्बरपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-06.11.2024 को समय करीब 04.45 बजे फरीदपुर रेलवे लाइन के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 3600 ग्राम नाजायज गांजा व गांजा की बिक्री से प्राप्त कुल 300/- रुपये नगद बरामद हुये। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0501/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- दोनों अभियुक्तगण सोनू बिन्द व अभिषेक भारद्वाज ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगों के पास नाजायज गांजा हैं जिसे बेचने के लिए आज हम यहां पर बैठकर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया। यह नाजायज गांजा हमको श्याम चौहान उपलब्ध करवाता है। यह पैसे जो हमारे पास से बरामद हुए हैं यह गांजा की पुड़िया को बेचने से हमें प्राप्त हुए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01. सोनू बिन्द पुत्र प्रकाश बिन्द निवासी-20/39 पैगम्बरपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

02. अभिषेक भारद्वाज पुत्र खिचडू भारद्वाज निवासी 20/91 पैगम्बरपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- फरीदपुर रेलवे लाइन के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-06.11.2024 को समय करीब 04.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-

अभियुक्तगण के कब्जे से 1900 ग्राम व 1700 ग्राम (कुल 3600 ग्राम) नाजायज गांजा व गांजा की बिक्री से प्राप्त कुल 300/- रुपये नगद बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0501/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1- उ0नि0 अनिल सिंह चंदेल थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 अरविंद कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3- उ0नि0 भरत कुमार चौधरी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 विनोद कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 विनय कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
6- का0 सुरेश कुमार शुक्ल थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।